प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 05.06.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर सोशल मीडिया पर ट्वीट कर केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मजबूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का किया उल्लेख।

2– विश्व पर्यावरण दिवस पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने पृथ्वी की रक्षा करने की प्रतिबद्धता का लोगों से किया आह्वान–छत्तीसगढ़ में भी हुए अनेक कार्यक्रम।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने एक करोड़ रूपये के इनामी माओवादी सुधाकर को मार गिराया।

4– रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल से शुरू होगा तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव।

**<u>प्रधानमंत्री–गरीब कल्याण</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी सरकार को सहानुभूति से परिपूर्ण और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित बताया है। श्री मोदी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर लोगों को गरीबी से उबारने के लिए केंद्र सरकार के सशक्तिकरण, मजबूत बुनियादी ढांचे तथा समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन–धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, डिजिटल समावेशन और मजबूत ग्रामीण बुनियादी ढांचे ने पारदर्शिता के साथ–साथ अंतिम छोर तक लाभ पहुंचाया है। श्री मोदी ने गरीबी को हराने में पच्चीस करोड़ से अधिक लोगों की मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई, जहां हर नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले।

**<u>केन्द्र सरकार–ग्यारह साल</u>**

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर भारत ने एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम कौशल विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हैं – भारत की अमृत पीढ़ी, युवा पीढ़ी को सशक्त बनाना।

पैंतीस वर्ष से कम आयु की लगभग पैंसठ प्रतिशत आबादी के साथ कौशल और युवा सशक्तिकरण भारत के भविष्य की कुंजी हैं। रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सरकार के प्रयासों के महत्वपूर्ण परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने आसान ऋण के साथ छोटे व्यवसायियों का समर्थन किया है। इसके तहत छह करोड़ सड़सठ लाख से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इस योजना के तहत जो युवा व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, उन्हें किफायती ऋण प्रदान किए जाते हैं। देश के ऐसे ही युवाओं में से एक है, रायपुर की ईशा पटेल, जिन्होंने अपने स्टार्टअप – ''हाउस ऑफ पुचका'' के जरिये एक अलग पहचान बनाई है।

जैसे–जैसे कौशल, रोजगारपरकता और उद्यमशीलता एक साथ आ रहे हैं, एक नई पीढ़ी भारत की यात्रा को एक उज्जवल कल की ओर ले जा रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से पृथ्वी की रक्षा करने की प्रतिबद्धता का आह्‌वान किया है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम **''प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें''** रखी गई है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल रमेन डेका ने आज राजभवन परिसर, नवा रायपुर स्थित निर्माणाधीन राजभवन परिसर में पौधारोपण किया। इस मौके पर उन्होंने सभी से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान दें।

इसी कड़ी में कांकेर में कार्यरत् सीमा सुरक्षा बल फ्रंटियर मुख्यालय भिलाई और सेक्टरों तथा वाहिनियों ने आज भिलाई में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। इस अवसर पर सुरक्षा बलों ने पांच सौ फलदार और छायादार पौधे लगाए। भिलाई स्थित सीमा सुरक्षा बाल के महानिरीक्षक आनंद प्रताप सिंह ने पौधारोपण कर इस अभियान की शुरुआत की।

वहीं, एनटीपीसी और सेल के संयुक्त उपक्रम एनएसपीसीएल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। एनएसपीसीएल के महाप्रबंधक नील कुमार शर्मा के नेतृत्व में जन–जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। इसके तहत संयंत्रों और आसपास वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।

एनएसपीसीएल के महाप्रबंधक श्री शर्मा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करना चाहिए।

## माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने माओवादियों के सेंट्रल कमेटी के सदस्य नरसिम्हाचलम उर्फ गौतम उर्फ सुधाकर को मारा गिराया है। डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि इस माओवादी पर तीनों राज्यों को मिलाकर एक करोड़ रूपये का इनाम घोषित था। मारा गया माओवादी सुधाकर माओवादियों के शिक्षा विभाग का प्रभारी था। वह आंधप्रदेश के चिंतापालुदी ग्राम का रहने वाला था और बीते तीन दशकों से नक्सल गतिविधियों में सक्रिय था।

श्री कश्यप ने बताया कि बीजापुर के माड़ क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा जिलों की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की संयुक्त टीम ने ऑपरेशन चलाया। जवानों ने सुबह से ही माओवादियों की घेराबंदी शुरू कर दी थी, जिसके बाद हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों को यह सफलता मिली। डीआईजी ने बताया कि इलाके में सर्चिंग अभी भी जारी है। घटनास्थल से एक ऑटोमेटिक राइफल बरामद की गई है।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका में नेताओं, वरिष्ठ अधिकारियों और भारतीय समुदाय के साथ कई बैठकों के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख को मजबूती से सामने रखा है। श्री थरूर ने वाशिंगटन में अमेरिकी कांग्रेस के विदेश मामलों की समिति के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक के बाद कहा कि आतंकवादी हमलों की निंदा करने और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के मुद्दे पर सभी ने पूरी तरह से सहमति व्यक्त की।

समिति के अध्यक्ष ब्रायन मास्ट ने आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि इस तरह के हमलों के लिए दुनिया में कोई जगह नहीं है।

## राष्ट्रीय आम महोत्सव

रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में कल छह जून से तीन दिवसीय राष्ट्रीय आम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव उद्यानिकी विभाग और प्रक्षेत्र वानिकी, छत्तीसगढ़ शासन तथा प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया है। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों के आम उत्पादक शामिल

होंगे। आम की दौ सौ से अधिक किस्मों और आम से बने छप्पन व्यंजनों का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके अलावा कार्यक्रम में आम की विभिन्न किस्मों की प्रतियोगिताएं भी होंगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान–आई.सी.ए.आर. रायपुर द्वारा उनतीस मई से तीन जून तक राज्य के विभिन्न जिलों में सघन ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम चलाया गया। आई.सी.ए.आर. और एन.आई.बी.एस.एम. के निदेशक डॉक्टर पी.के. राय ने आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि यह अभियान पच्चीस कृषि विज्ञान केंद्रों और राज्य कृषि विभाग के सहयोग से संचालित किया गया। इस अभियान में संस्थान के बीस वैज्ञानिकों की टीम ने दस जिलों के पच्चीस विकासखंडों के उनचास गांवों का दौरा कर चार हजार से अधिक किसानों से संवाद किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक स्ट्रेस प्रबंधन, बीज उपचार, मृदा परीक्षण, जैव उर्वरकों, जैव कीटनाशकों और जैव नियंत्रण एजेंटों के उपयोग जैसी तकनीकों पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही किसानों को उन्नत किस्मों के बीजों के चयन, धान में एकीकृत कीट प्रबंधन, प्राकृतिक खेती को अपनाने और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की विधियों के बारे में भी जागरूक किया गया। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी किसानों को दी गई, ताकि वे बीज, बीमा, उपकरण और कृषि अवसंरचना से जुड़ी सहायता का लाभ उठा सकें।
इस बीच, विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम
आज आरंग विकासखंड के बीजाभाटा गांव पहुंची। आकाशवाणी से बातचीत करते हुए राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर लता जैन ने बताया कि टीम ने किसानों को कृषि से संबंधित जानकारी दी।

## महिला आयोग–जनसुनवाई

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने अपने एकदिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आज रायपुर में महिला जनसुनवाई की। इसके बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि आज आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ के चालीस प्रकरणों की सुनवाई की गई है। इसमें पारिवारिक विवाद, दुष्कर्म और कुछ अन्य संवेदनशील मामले शामिल हैं।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जश्न मनाने के लिए हम आपको आमंत्रित कर रहे हैं, एक आकर्षक जिंगल तैयार करने के लिए। अपने संगीत के माध्यम से योग का संदेश दें और इस महान अभियान का हिस्सा बनें। सबसे अच्छी बात यह है कि आपकी मेहनत और प्रतिभा आपको दिला सकती है नकद पुरस्कार। अधिक जानकारी के लिए आप **''माय जीओवी डॉट इन''** पर विजिट कर सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>